RAF SECTOR
NEWS CLIP
02/11/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में रैफ भागीदारी सुनिश्चित करे : कमांडेंट

एकता परेड की सलामी लेते 106 बीएन कमांडेंट पीके सिंह .

नरवा : सुंदरनगर स्थित 106 बटालियन द्रुत कार्य बल (रैफ) कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार एवं उप कमांडेंट अनामी शरण के नेतृत्व में कैंप के परेड ग्राउंड में शनिवार को युग पुरुष भारत रत्न वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गयी. जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया.

कमांडेंट श्री सिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में आरएएफ की भागीदारी सुनिश्चत कराने को लेकर अधिकारी एवं कार्मिकों को शपथ दिलायी गयी. साथ ही वल्लभ भाई पटेल द्वारा भारत की एकता व अखंडता पर महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर चर्चा की गयी. वहीं शाम को रन फॉर यूनिटी व राष्ट्रीय एकता परेड का भी आयोजन हुआ.

Rajasthan Patrika, jaypur (RJ)

सीआरपीएफ ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

आमेर/ रोहन शर्मा राजधानी जयपुर के आमेर लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 144 वी जयंती के उपलक्ष में कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में राष्टीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

राष्टीय एकता का महत्व बताया

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पी.के सिंह ने राष्टीय एकता के महत्व को समझाते हुए जवानों को बताया कि राष्टीय एकता राष्ट को सशक्त एवं संगठित बनाती है राष्टीय एकता ही वह भावना है जो विभिन्न धर्मों संप्रदायों जाति वेशभूषा सभ्यता एवं संस्कृति के लोगों को एक सूत्र में पिरोए रखती है ,अनेक विविधताओं के उपरांत भी परस्पर मेलजोल से रहते हैं इसलिए इतनी विशेषताएं होते हुए भी शायद ही विश्व के किसी अन्य देश में हो हमारा भारत देश राष्ट एकता की एक मिसाल है

राष्ट्रीय एकता को एक सूत्र में बांधने की शपथ ली

राष्टीय एकता कार्यक्रम में सिंह के साथ बटालियन के अधिकारियों अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने राष्टीय एकता को एक सूत्र में बांधने की शपथ ली और सभी से एक साथ रहने और संगठन में एकता की शपथ लेते हुए राष्टीय एकता दिवस मनाया और साथ ही जवानों की सेरेमोनियल परेड का आयोजन भी लोह पुरुष का स्मरण करते हुए एकता की मिसाल कायम की इस अवसर पर 83 कमांडेड प्रवीण कुमार सिंह उप कमांडेंट बलवीर सिंह बटालियन के अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे

United Bharat, Prayagraj (UP)

आरएएफ के जवानों ने राष्ट्रीय एकता और अखण्डता बनाए रखने का शपथ लिया

० थरवई थाना परिसर में पुलिस कर्मियों ने लौह पुरूष की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया

सहसों कार्यालय

सहसों: प्रयागराज। १०१ बटालियन के परिसर में वाहिनी के कमाण्डेट आर०के० निगम के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। एक सप्ताह तक आयोजित कार्यक्रम के तहत रन फॉर युनिटी का आयोजन के साथ सतर्कता सम्बंधित शपथ कार्मिकों को दिलाई गई। सरकार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर कार्मिकों ने वाहिनी में शानदार मार्च पास्ट किया। कमाण्डेंट आर०के० निगम ने परेड की सलामी लेते हुए श्री पटेल के कृतित्व व ब्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता और अखण्डता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर वाहिनी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० के०के० सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी नरेन्द्र कुमार सहित सभी अधिकारियों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। इसी प्रकार थरवई थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी फूलपुर राम सागर ने लौह पुरूष की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस मौके पर उन्होने पुलिस के जवानों को एकता और अखण्डता बनाए रखने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर इंस्पेक्टर राकेश चैरसिय,ा धीरेन्द्र सिंह यादव, झब्बू सिह उपनिरीक्षक के अलावा बड़ी संख्या मे पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

Amar Ujala, Aligarh (UP)

अलीगढ़। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन एकता दिवस के रूप में मनाया गया। सामाजिक, शैक्षिक संस्थाओं व राजनीतिक पार्टी ने सरदार का भावपूर्ण स्मरण किया। मंडलायुक्त जीएस प्रियदर्शी ने कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान अपर आयुक्त (प्रशासन) शमीम अहमद खान, अपर आयुक्त (न्यायिक) डॉ. कंचन शरण आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में डीएम चंद्रभूषण सिंह व एसएसपी मुनिराज जी ने पुलिस कार्यालय पर पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा की शपथ दिलाई। 104 बटालियन आरएएफ के कमांडेंट ने अधीनस्थों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। परेड मैदान में मार्च पास्ट हुआ। सरदार पटेल के जन्मदिवस व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत पर नगर आयुक्त सत्य प्रकाश पटेल ने नगर निगम सेवाभवन कार्यालय में उनके चित्रों पर पुष्प व माल्यार्पण अर्पित किए।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।